दिन– सोमवार	दिनांक– 07 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में बिहार, झारखंड समेत नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

02. राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को वैकल्पिक फसलों के बीज निःशुल्क उपलब्ध करायेगी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खाते में सोलह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की राशि का हस्तांतरण करेंगे।

04. और, रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद आज दिल्ली की विशेष अदालत में होंगे पेश।

————————————————————

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में बिहार, झारखंड, समेत आठ राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बिहार से उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पुलिस महानिदेशक आलोक राज शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————

उत्तर बिहार से गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर एक के निचले इलाकों में सिकरहना नदी का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ के कारण सुगौली प्रखंड के बेलवतिया–करमवा और रघुनाथपुर सड़क पर आठवें दिन भी आवागमन ठप है। वहीं, दरभंगा जिले में बागमती नदी का जलस्तर बढ़ने से हायाघाट प्रखंड मुख्यालय का दरभंगा से सड़क सम्पर्क भंग हो गया है। इसके साथ ही केवटी और बिरौल प्रखंड के गांवों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। इधर, भागलपुर जिले में गंगा और कोसी नदी के जलस्तर में कमी आ रही है लेकिन कोसी बराज से एक बार फिर पानी छोड़े जाने के कारण नवगछिया इलाके में बाढ़ का खतर उत्पन्न हो गया है। वहीं, गंगा और सोन नदी के जलस्तर में अधिकांश स्थानों पर तेजी से गिरावट हो रही है। गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघाघाट, गांधीघाट और हाथीदह में खतरे के निशान से नीचे आ गया है। सोन नदी का जलस्तर इन्द्रपुरी और कोइलवर में स्थिर बना हुआ है। पुनपुन

नदी का जलस्तर भी पटना के श्रीपालपुर, गौरीचक और पुनपुन रेलपुल के पास खतरे के निशान से नीचे है।

———————————————————————

राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के किसानों को वैकल्पिक फसलों के बीज निःशुल्क उपलब्ध करायेगी। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि इसमें सब्जियों के बीज के अतिरिक्त रबी फसल के बीज उपलब्ध कराये जायेंगे। किसानों को अल्प अवधि की फसलों उड़द, राई, तोरी, मटर, भिंडी, मूली, संकर मक्का, कुल्थी, ज्वार का बीज दिया जायेगा। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों के पशु पालकों की सुविधा के लिए पशु चारे के लिए बरसीम का बीज भी दिया जायेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खाते में सोलह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की राशि का हस्तांतरण करेंगे। पटना में आयोजित इस समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ ही ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम कल गया में भारत लैब की तर्ज पर विकसित 'बिहार जेन नेक्स्ट लैब का उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री सुब्रमण्यम आज शाम 'बिहार जेन नेक्स्ट से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। बिहार जेन नेक्स्ट पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से किए गए कार्यों और इससे संबंधित आंकड़े उपलब्ध होंगे। इसके माध्यम से किसी भी विभाग से संबंधित जानकारी एक क्लिक के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगी। श्री सुब्रमण्यम कल ही गया में डाटा ड्रीवन गवर्नेंस पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इस सम्मेलन में उन्नीस राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

———————————————————————

बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत एक करोड़ बच्चियों को निःशुल्क एचपीवी टीके लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पहले स्कूलों में पढ़ने वाली नौ से चौदह वर्ष के आयु वर्ग की बच्चियों को टीका लगाया जायेगा। श्री पांडेय ने कहा कि स्कूल नहीं जाने वाली बच्चियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टीका दिया जायेगा।

———बाईट———

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नवरात्र के अवसर पर यह स्त्री शक्ति को सशक्त करने का बड़ा कार्यक्रम शुरू किया गया है।

---बाईट---

इस योजना के पहले चरण के तहत पांच जिलों पटना, नालंदा, सीवान, पूर्णियां और मुजफ्फरपुर में टीकाकरण किया जा रहा है।

---

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव आज दिल्ली के विशेष अदालत में पेश होंगे। इस मामले केअन्य आरोपी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव की भी पेशी होगी। गौरतलब है कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने ग्यारह लोगों के खिलाफ पूरक आरोप दाखिल किया है।

---

शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन आज देवी दुर्गा के पांचवे स्वरूप स्कंदमाता की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

---म्यूजिक---

मान्यता है कि स्कंदमाता अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं को पूरा करती है। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सीतामढ़ी जिले के नानपुर प्रखंड के भदियन स्थित पूजा पंडाल में झिझिया लोकनृत्य का आयोजन किया जा रहा है। इसे देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

---म्यूजिक---

---

पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुये आज से दानापुर और वैशाली के बीच मेमू सवारी गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसम्पर्क पदाधिकारी के अनुसार यह रेलगाड़ी दानापुर स्टेशन से सुबह दस बजकर पन्द्रह मिनट पर प्रस्थान करेगी और एक बजकर पन्द्रह मिनट पर वैशाली पहुंचेगी। इधर, रेलवे ने कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित उस खबर का खंडन किया है, जिसमें पटना–हावड़ा वंदेभारत ट्रेन के बख्तियारपुर स्टेशन पर ठहराव की सूचना दी गयी है। रेलवे के अनुसार यह खबर असत्य और भ्रामक है। रेलवे ने लोगों से आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करने की अपील की है।

---

राज्य में मॉनसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां और भागलपुर समेत प्रदेश के पूर्वी भागों में हल्की बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिन के दौरान प्रदेश के तापमान में बदलाव के कोई आसार नहीं है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डूबने की अलग—अलग घटनाओं में छह बच्चों समेत पन्द्रह लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में रोहतास के छह, कटिहार के पांच, पूर्वी चम्पारण के दो तथा बेगूसराय और वैशाली के एक—एक व्यक्ति शामिल हैं। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विभिन्न घटनाओं में मृतकों के प्रति शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के निकटतम परिजनों को चार—चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

———————————————————————

राज्य में डेंगू मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक सौ तेईस नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। पटना से उनसठ नए मरीजों की पहचान हुयी है।

———————————————————————

दुबई में खेले जा रहे महिला टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। भारत ने एक सौ छह रनों का लक्ष्य तेरह गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। इससे पहले, पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट पर एक सौ पांच रन बनाये थे। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को श्रीलंका से होगा।

———————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य स्तरीय मेजर ध्यानचंद बालक—बालिका अंडर सेवेंटीन हॉकी प्रतियोगिता आज से पटना में शुरु हो रही है। पटना के पाटलिपुत्र खेल मैदान में यह आयोजन नौ अक्टूबर तक होगा। प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

वहीं, हैदराबाद में खेली जा रही अड़तीसवीं सब जूनियर हैंड बॉल प्रतियोगिता में बिहार ने महाराष्ट्र को पराजित कर सेमीफाईनल में प्रवेश कर लिया है। सेमीफाईनल में बिहार का मुकाबला दिल्ली से होगा। इधर, अंडर नाईनटीन वीनू मांकड क्रिकेट

प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने सिक्किम को दो विकेट से पराजित कर दिया। बिहार का अगला मुकाबला कल मध्य प्रदेश से होगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने शिक्षा विभाग से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– अभिभावक–शिक्षक गोष्ठी को प्रभावी बनाने का गुर सीखेंगे हेडमास्टर। सभी कक्षाओं के लिए वर्ग शिक्षक नामित होंगे। दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी पर लिखा है– निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि को हटाने को हल्के में नहीं ले सकते।दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– चेन्नई एयर–शो में पन्द्रह लाख जुटे, दम घुटने से पांच की मौत, दो सौ भर्ती। प्रभात खबर की सुर्खी है– पटना के इस्कॉन मंदिर से लेकर सड़क तक पुजारियों के दो गुटों में जमकर मारपीट। आज अखबार ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के हवाले से लिखा है– हिन्दू समाज को एकजुट होना होगा। राष्ट्रीय सहारा ने पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में यौन उत्पीड़न और उगाही के मामले पर लिखा है– दस डॉक्टर निकाले गये, कॉलेज परिषद की विशेष बैठक में धमकी देने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई करने का हुआ फैसला।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में बिहार, झारखंड समेत नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।
02. राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को वैकल्पिक फसलों के बीज निःशुल्क उपलब्ध करायेगी।
03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खाते में सोलह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की राशि का हस्तांतरण करेंगे।
04. और, रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद आज दिल्ली की विशेष अदालत में होंगे पेश।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।